सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प०नि० 7281/26

दिनाक: 15.04.2026

आवश्यक–सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय परिसरीय छात्रों/प्राचार्यो/विभागाध्यक्षों को परीक्षावेदनपत्र पूरित कराने के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि–

i. 2026 वर्षीय प्रथमा एवं पूर्वमध्यमा प्रथम खण्ड, पूर्वमध्यमा द्वितीय खण्ड तथा उत्तरमध्यमा प्रथम खण्ड, उत्तरमध्यमा द्वितीय खण्ड के संस्थागत/व्यक्तिगत/भूतपूर्व/बैक/एकविषयक परीक्षावेदनपत्र।

ii. सत्र 2022–2025 के शास्त्री प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम व षष्ठ सेमेस्टर के भूतपूर्व/बैक की **विशेष परीक्षा** हेतु परीक्षावेदनपत्र।

iii. सत्र 2023–2026 के शास्त्री प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सेमेस्टर भूतपूर्व/बैक के साथ षष्ठ सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा।

iv. ऐसे छात्र जो वर्ष 2021, 2022, 2023, 2024, 2025 तक वर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शास्त्री प्रथम, द्वितीय व तृतीय खण्ड की परीक्षा अनुत्तीर्ण हो तो अपना अपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिये संस्थागत/व्यक्तिगत/बैक/भूतपूर्व परीक्षावेदनपत्र पूरित कर सकेंगे, किन्तु शास्त्री प्रथम व्यक्तिगत के लिये कोई नया परीक्षावेदनपत्र पूरित न किया जाय अन्यथा बिना सूचना दिये परीक्षावेदनपत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

v. सत्र 2024–2028 के शास्त्री द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत/व्यक्तिगत परीक्षावेदनपत्र।

vi. सत्र 2024–2026 के आचार्य द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत/व्यक्तिगत/बैक/भूतपूर्व परीक्षावेदनपत्र।

vii. समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित होने वाले **शास्त्री द्वितीय सेमेस्टर एवं आचार्य द्वितीय सेमेस्टर** के परीक्षावेदनपत्र पूरित करने की सूचना बाद में दी जायेगी।

उपर्युक्त परीक्षाओं के लिये आनलाईन पद्धति से परीक्षावेदनपत्र पूरित करने तथा पेमेंट गेटवे के माध्यम से पूर्व निर्धारित दर पर परीक्षा शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में पूर्व निर्गत पत्रांक–प०नि० 7236/26 दिनांक: 23.03.2026 के क्रम में *दिनांक 25.04.2026 तक परीक्षावेदनपत्र पूरित किये जाने की तिथि विस्तारित की जाती है*। पूरित परीक्षावेदनपत्र के सापेक्ष शास्त्री, आचार्य की मात्र नामावली तथा मध्यमा परीक्षावेदनपत्र के साथ नामावली की हार्ड कापी परीक्षा विभाग में पूर्व वर्षो की भाँति जमा करने हेतु दिनांक 27.04.2026 तक की तिथि निर्धारित की जाती है–

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

(ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव(प०)

प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव कुलपति को, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय को उपर्युक्त के अनुसार परीक्षावेदनपत्र पूरित कराने तथा **जिन छात्रों ने (शास्त्री पाठ्यक्रम) की बैक परीक्षा के लिये यदि पूर्व में ही फार्म पूरित कर दिया है**, उन्हें पुनः फार्म पूरित करने की आवश्यकता नहीं है।
4. सिस्टम एनालिस्ट को, इस आशय से कि **सूचना को वेबसाइट पर अपलोड कराने तथा पोर्टल सक्रिय कराने का कष्ट करें।**
5. **प्रबन्धक निदेशक, यू०पी० डेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार परीक्षाफार्म पूरित कराये जाने के लिये पोर्टल सक्रिय कराने का कष्ट करें।**
6. सहायक कुलसचिव(परीक्षा)/अधीक्षक(परीक्षा)।
7. समस्त सम्बद्ध पटल सहायक, परीक्षावेदनपत्र।
8. जनसम्पर्क कार्यालय।
9. सम्बद्ध पत्रावली।

(ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव(प०)